# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

**18 November 2025**



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine



# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

**Q. देश का पहला संयुक्त विधि एवं प्रौद्योगिकी केंद्र कहाँ स्थापित किया जाएगा?**

(A) दिल्ली
**(B) जोधपुर**
(C) मुंबई
(D) चेन्नई

*भारत में विधि और उभरती प्रौद्योगिकियों के बीच सेतु निर्माण के प्रयासों को एक नई दिशा देने के लिए, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर (IIT जोधपुर) और राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर (NLU जोधपुर) ने एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।*

- *इस समझौते के तहत देश का पहला संयुक्त विधि एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (Joint Centre for Law and Technology) स्थापित किया जाएगा।*
- *यह समझौता 12 नवम्बर 2025 को IIT जोधपुर के निदेशक डॉ.अविनाश कुमार अग्रवाल और NLU जोधपुर की कुलपति प्रो. हरप्रीत कौर द्वारा हस्ताक्षरित किया गया।*
- *यह सहयोग कानून और प्रौद्योगिकी के बीच विकसित होते संबंधों पर अंतरविषयक शिक्षा, अनुसंधान और नीति संवाद के लिए एक अग्रणी मंच का कार्य करेगा।*

## Yesterday Revision

⭕. हाल ही में राजस्थानी भाषा के लिए साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार 2025 से किसे नवाजा गया है?-भोगीलाल पाटीदार

⭕. प्रवासी राजस्थानी दिवस (10 दिसंबर) के क्रम में आयोजित होने वाली प्री-समिट 27 नवंबर को कहाँ आयोजित की जा रही है?- जयपुर

⭕. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 में ऑनलाइन गणना फॉर्म भरने में देशभर में प्रथम स्थान किस राज्य ने प्राप्त किया है?- राजस्थान

⭕. देश के कुल शहद उत्पादन में राजस्थान का लगभग कितना प्रतिशत योगदान है?-9%

⭕.भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह 15 नवंबर 2025 को राजस्थान के किस जिले में आयोजित हुआ?- डूंगरपुर

01. राजस्थान में iStart कार्यक्रम के तहत लगभग कितने स्टार्टअप पंजीकृत हैं?

(A) 3100+

(B) 5100+

(C) 7100+

(D) 9100+

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

⭕ सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग राज्य में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए आईस्टार्ट कार्यक्रम संचालित कर रहा है।राज्य सरकार द्वारा i स्टार्ट पोर्टल प्लेटफॉर्म का संचालन और प्रबंधन किया जा रहा है, जिससे यह देश के बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक बन गया है।

⭕ स्टार्टअप्स को मान्यता, उन्नयन, कौशल विकास, प्रोत्साहन, फंडिंग आईस्टार्ट प्लेटफॉर्म से मिल रही है। स्टार्टअप्स से संबंधित सभी जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए www.istart.rajasthan.gov.in पोर्टल बनाया गया है।
आईस्टार्ट पोर्टल सभी प्रोत्साहनों के लिए वन-स्टॉप गेटवे के रूप में कार्य कर रहा है।

⭕ 2025 तक, राजस्थान में iStart कार्यक्रम के तहत 7100 से ज़्यादा स्टार्टअप पंजीकृत हैं। , जिन्हें 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश मिल चुका है, जिससे प्रदेश में 42 हजार 500 से अधिक रोजगार सृजित हुए है।

⭕ राज्य सरकार द्वारा स्टार्टअप को आइडिया और प्रोटोटाइप चरण में 2 लाख 40 हजार रुपये तक की वित्तीय सहायता (महिला स्टार्टअप के लिए 3 लाख रुपये) दी जाती है।

**02. राजस्थान में 17 नवंबर को "सरदार@150 यूनिटी मार्च" का आयोजन किस संस्था द्वारा किया गया?**

**(A) नेहरू युवा केंद्र**

**(B) माई युवा भारत (MY Bharat)**

**(C) NSS**

**(D) NITI Aayog**



**Important Facts:**

- राजस्थान में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में 17 नवंबर को सरदार@150 यूनिटी मार्च निकाली गई।
- माई युवा भारत की ओर से किसान भवन से स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय तक आयोजित यूनिटी मार्च का नेतृत्व केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया और पूरे मार्ग पैदल चलकर देश की एकता और अखंडता का संदेश दिया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर सरदार पटेल के 150वें जन्म जयंती वर्ष पर 31 अक्टूबर से देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

**03. राजस्थान में मदर टैरेसा समर्पण समाज गौरव–2025' अवॉर्ड से किसे सम्मानित किया गया?**

(A) कृष्ण कुमावत
(B) डॉ. अल्बर्ट
(C) निर्मला रावत
(D) अर्चना सिंह



**Important Facts:**

⭕ विश्व पैरा थ्रो बॉल महासंघ की अध्यक्ष निर्मला रावत को 'मदर टैरेसा समर्पण समाज गौरव-2025'अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

⭕ उन्हें यह अवार्ड दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान के सियाम ऑडिटोरियम में हुए 10वें राष्ट्र स्तरीय समर्पण समाज गौरव - 2025 अवार्ड समारोह में दिया गया।

⭕ राजस्थान पैरा थ्रोबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमावत और भारतीय पैरा थ्रोबॉल महासंघ के अध्यक्ष डॉ. अल्बर्ट की अनुशंसा पर विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ के अध्यक्ष पद पर जयपुर शहर की निर्मला रावत को चुना गया

04. साहित्य और खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए रोटरी इंटरनेशनल यंग अचीवर अवॉर्ड किसे प्रदान किया गया है?

(A) साक्षी सिंह

(B) भाविनी भार्गव

(C) प्रियंका चतुर्वेदी

(D) सृष्टि शर्मा



**Important Facts:**

⭕ साहित्य और खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए जयपुर की भाविनी भार्गव को रोटरी इंटरनेशनल यंग अचीवर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।

⭕ उन्हें यह सम्मान नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में रोटरी की एनुअल कॉन्फ्रेंस में रोटरी इंटरनेशनल के प्रेसिडेंट फ्रांसिस्को ने दिया।

⭕ भाविनी की पहली कविता-पुस्तक 'Unheard' कई लोगों की मानसिक और भावनात्मक परेशानियों से बाहर निकलने में मदद कर चुकी है। इसी वजह से समाज पर सकारात्मक असर पड़ा है। इस अवॉर्ड के लिए कुल 245 आवेदन आए थे, जिनमें से भाविनी को चुना गया।

05. नई दिल्ली में 6th राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2025 की ओवरऑल कैटेगरी में राजस्थान को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?

(A) 10वाँ

(B) 12वाँ

(C) 15वाँ

(D) 18वाँ

**Important Facts:**

⭕ जल संचयन और जन भागीदारी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राजस्थान का चयन देश के तीन सर्वश्रेष्ठ राज्यों में तृतीय श्रेणी में किया गया है!पुरस्कार समारोह :- 18 नवंबर, 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में

⭕ 6th 'राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2025 राजस्थान को 15वाँ स्थान :-ओवरऑल कैटेगरी में राजस्थान को 15वां स्थान मिला

⭕ सर्वश्रेष्ठ राज्य की श्रेणी में प्रथम स्थान महाराष्ट्र को, गुजरात को दूसरा और हरियाणा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

⭕ वर्ष 2024 के लिए छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों के लिए संयुक्त विजेताओं सहित 46 विजेताओं की घोषणा

06. एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड ने माही-बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट में कितने परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की मंजूरी दी है?

(a) 2

(b) 7

(c) 4

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- एटॉमिक एनर्जी रेगुलेटरी बोर्ड (एईआरबी) ने माही-बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट में 4 परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की मंजूरी दी
- इस परियोजना को लेकर सरकार और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) पहले ही योजना बना चुकी है।
- मंजूरी मिलने के बाद अब यह भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा। बांसवाड़ा साइट राजस्थान की दूसरी न्यूक्लियर साइट होगी।
- इसमें 700 मेगावाट के 4 परमाणु रिएक्टर स्थापित होंगे। अगले 10 साल में यहां 2800 मेगावाट बिजली बनने लगेगी।

07. भारत के किस राज्य के सरकारी स्कूलों में हेल्थ क्लब का गठन किया जाएगा?

(A) हरियाणा

(B) मध्यप्रदेश

(C) राजस्थान

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान शिक्षा विभाग ने एक और नवाचार किया है। प्रदेश के बच्चों को फास्ट फूड जंक फूड से दूर करने के लिए स्कूलों में जागरूकता प्रोग्राम शुरू करने जा रहा है।
- प्रदेश के बच्चों को अब फास्ट फूड से होने वाले दुष्प्रभावों के लिए जागरूक किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के सरकारी स्कूलों में हेल्थ क्लब का गठन किया जाएगा।
- यह हेल्थ क्लब स्कूली बच्चों को स्वास्थ्य के लिए जागरूक करेंगे। फास्ट फूड से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान की जानकारी देगा।
- 15 सदस्यों को किया जाएगा हैल्थ क्लब में शामिल।
- 1 शिक्षक को नियुक्त किया जाएगा नोडल अधिकारी।

**08. हाल ही में राजस्थान में कंज्यूमर केयर अभियान चलाया गया है?**

(A) 16-17 अक्टूबर 2025

(B) 1-15 नवंबर 2025

(C) 13-19 अक्टूबर 2025

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में कंज्यूमर केयर अभियान 13 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक नियमित रूप से चलाया गया है
- इस अभियान का उद्देश्य व्यापारियों को उपभोक्ताओं के व्यापक हित में सही माप तौल करने के लिये प्रेरित करने के साथ ही उपभोक्ताओं को उनके मूल अधिकारों के बारे में सूचित किये जाने तथा उपभोक्ता हितों का संरक्षण करना है।
- किसी भी प्रकार की सेवा एवं वस्तुएं जो राशी देकर प्राप्त की गई है, उन सेवाओं और वस्तुओं की शुद्धता, गुणवता, मानक, मात्रा एवं सही माप तौल उपभोक्ता का विधिक अधिकार है इन अधिकारों के उल्लंघन पर उपभोक्ता, उपभोक्ता मामले विभाग को शिकायत कर सकता है।

09. उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने मनोरमा न्यूज 'न्यूजमेकर अवार्ड 2024' किसे प्रदान किया?

(A) अनुप्रिया पटेल

(B) किरण रिजिजू

(C) सुरेश गोपी

(D) अश्विनी वैष्णव



**Important Facts:**

⭕ उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री सुरेश गोपी को मनोरमा न्यूज न्यूजमेकर पुरस्कार 2024 प्रदान किया ❄️

⭕ भारत के उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन आज नई दिल्ली में आयोजित मनोरमा न्यूज न्यूजमेकर अवार्ड 2024 समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए।

⭕ उन्होंने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार केंद्रीय पर्यटन और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री एवं प्रख्यात फिल्म अभिनेता श्री सुरेश गोपी को दिया

**10. हाल ही में भारत के पहले रिवर टर्मिनल का उद्घाटन गुवाहाटी में किस नदी पर किया गया?**

(A) गंगा नदी

(B) यमुना नदी

(C) ब्रह्मपुत्र नदी

(D) गोदावरी नदी




GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- भारत के पहले रिवर टर्मिनल का गुवाहाटी में हुआ उद्घाटन
- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असम के गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक नदी टर्मिनल का उद्घाटन किया, जिसे भारत में अपनी तरह का पहला टर्मिनल बताया जा रहा है।
- गेटवे ऑफ़ गुवाहाटी टर्मिनल और जेट्टी, जिसका उन्होंने उद्घाटन किया, असम अंतर्देशीय जल परिवहन विकास सोसाइटी द्वारा 304.95 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित एक कार्यात्मक फ़्लोटिंग टर्मिनल है। उन्होंने गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र रिवरफ्रंट का भी उद्घाटन किया, जो गुवाहाटी स्मार्ट सिटी परियोजना का एक हिस्सा है,

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में राजस्थानी भाषा के लिए साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार 2025 से किसे नवाजा गया है?**

(A) अजय कुमार झा

(B) भोगीलाल पाटीदार

(C) सवाई सिंह चौहान

(D) इनमें से कोई नहीं

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine